रजिस्ट्री सं० डी० एल०—33001/98 REGISTERED NO. DL—33001/98

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

अधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 20] नई दिल्ली, शनिवार, मई 16, 1998 (वैशाख 26, 1920)
No. 20] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 16, 1998 (VAISAKHA 26, 1920)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिजर्व बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

सरकारी और बैंक लेखा विभाग

बम्बई, दिनांक 16 मई 1998

भारत सरकार के राजपत्र में 20 अप्रैल, 1946 को प्रकाशित तथा 29 अप्रैल, 1954 की अधिसूचना सं० एफ० (8)70/बी/5 और भारत सरकार के दिनांक 21 फरवरी, 1990 के असाधारण राजपत्र सं० 67 के अंतर्गत यथा संशोधित लोक ऋण अधिनियम 1944 की धारा 28 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा बनाये गये नियमों के नियम 18 के अनुसरण मार्च, 1998 को समाप्त माह के लिए निम्नलिखित सूची खो गई आदि ऐसी प्रतिभूतियों के बारे में एतद्द्वारा विज्ञापित की जाती है, जिसके संबंध में इस बात का विश्वास करने के लिए प्रथम दृष्टया आधार मौजूद हैं कि प्रतिभूतियां खो गयी हैं और आवेदकों का दावा न्यायोचित है। नीचे लिखे गये संबंधित दावेदारों से इतर सभी व्यक्ति जिनका इन प्रतिभूतियों पर किसी प्रकार का दावा हो, तकाल मुख्य लेखाकार, भारतीय रिजर्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय, सरकारी और बैंक लेखा विभाग, केन्द्रीय ऋण प्रभाग, मुंबई को संसूचित करें। सूची दो भागों में विभाजित की गयी है। भाग 'क' में अभी पहली बार विज्ञापित प्रतिभूतियां शामिल की गयी हैं और भाग "ख" में पूर्व विज्ञापित प्रतिभूतियों की सूची दी गयी हैं।

"सूची क"

प्रतिभूतियों का क्रमांक	मूल्य रु०/ग्राम	किसके नाम से जारी की गयी	ब्याज धारित किये जाने की तारीख	डुप्लिकेट जारी करने/भुगतान मूल्य की अदायगी के लिए दावेदार (रों) का/के नाम	जारी किये गये आदेश की सं० तथा तारीख
1	2	3	4	5	6
कानपुर सर्किल					
7.5 प्रतिशत आई०एफ०सी० बांड्स 1997 (द्वितीय शृंखला)					
के०एन० 000009	1,00,000	आर० के० टण्डन	चौबीसवीं छमाही से ब्याज देय	एल०एम०एल० लि० आफिसर्स प्राविडेंट फण्ड ट्रस्ट	महा प्रबंधक आदेश सं० आई० आर० 1371/65 दिनांक 24 मार्च, 1998 (फाईल सं० 09.12.255)
7.25 प्रतिशत आई० एफ० सी० बाण्ड्स 1996					
के० एन० 000088	50,000	एल०एम०एल० लि० आफिसर्स प्राविडेंट फंड ट्रस्ट	तीसवीं छमाई से ब्याज देय	—वही—	—वही—
7.25 प्रतिशत आई० एफ० सी० बाण्ड्स 1996 (द्वितीय शृंखला)					
के०एन० 000045	1,00,000	एल०एम०एल० लि० आफिसर्स प्राविडेंट फन्ड ट्रस्ट	उन्तीसवीं छमाही से ब्याज देय	—वही—	—वही—
गोल्ड बांड 1998 (मुंबई सर्किल)					
बी०बाई०/एल०एल०ए० 000052	1916 ग्राम	आशा मल्होत्रा और चेतन देव	अवधि समाप्ति पर	आशा मल्होत्रा और चेतन देव	मामला सं० 20.04.2038/महाप्रबंधक के दिनांक 4-4-98 के आदेश तथा के० का० डायरी सं० 67 दिनांक 6-4-1998

एन० ए० आहाले
कृते मुख्य महा प्रबंधक

"सूची ख"

प्रतिभूतियों का क्रमांक	मूल्य रु०/ग्राम	किसके नाम से जारी की गयी	ब्याज धारित किये जाने की तारीख	डुप्लिकेट जारी करने/भुगतान मूल्य की अदायगी के लिए दावेदार (रों) का/के नाम	जारी किये गए आदेश की सं० तथा तारीख
1	2	3	4	5	6
राष्ट्रीय रक्षा स्वर्ण बांड 1980 'ए' शृंखला (चेन्नई सर्किल)					
एम०एस०-037513	7 ग्राम	एस० पोन्नया	24-12-65	पी० राबर्ट	जी० एम० डायरी सं० 79, दिनांक 26-2-1998
6.25 प्रतिशत ऋण 1997 (कलकत्ता सर्किल)					
सी०ए० 001509	रु० 10,000	भारतीय रिजर्व बैंक	द्वितीय अर्ध वर्ष तक का ब्याज अदा किया गया है	इंडियन बैंक	फाईल सं० आई० 2343 दिनांक 13-1-98 का महा-प्रबंधक का आदेश दिखिए दिनांक 13-1-98 का डीवाई०सं०एन०सी० ओ० 1992

एन० ए० आहाले
कृते मुख्य महाप्रबंधक

दी इन्स्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट ऑफ इण्डिया

पी० बी० नं० 7100, इन्द्रप्रस्थ मार्ग

नई दिल्ली-110002, दिनांक 5 मई 1998

सं० 13 सी० ए० (परीक्षा)/ एम०/98--इंस्टीट्यूट की अधिसूचना संख्या 13 सी०ए० (परीक्षा) एम०/98, दिनांक 23 जनवरी, 1998 के आंशिक विस्तार के तहत सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि फाइनल ग्रुप-1 पेपर-4 कारपोरेट लाज एवं सैक्रेटेरियल प्रैक्टिस की 6 मई, 1998 को होने वाली परीक्षा स्थगित कर दी गई है।

उपरोक्त पेपर की यह परीक्षा अब बृहस्पतिवार, 14 मई, 1998 को 8 बजे सुबह होगी, परीक्षा केन्द्रों में कोई परिवर्तन नहीं होगा। परीक्षा प्रवेश पत्र भी वही रहेंगे।

जगदम्बा प्रसाद,
अतिरिक्त सचिव (परीक्षा)

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

बहादुरशाह जफर मार्ग

नई दिल्ली, अक्तूबर, 1997

सं० एफ० 1-22/93 (सी०पी०पी०-2)--चूंकि विश्व-विद्यालय इस बात से संतुष्ट है कि जनहित की दृष्टि से प्राइवेट गैर-सहायता प्राप्त शिक्षा संस्थाओं, स्व-वित्तीयन समविश्वविद्यालयों तथा संयुक्त उद्यम विश्वविद्यालयों म प्रवेश तथा शुल्क को विनियमित करना आवश्यक है;

अतः अब विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का 3) की धारा 12-क को उप-धारा (2) के साथ पठित धारा 26 की उप-धारा (1) के खंड (i) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग केन्द्रीय सरकार के पूर्व-अनुमोदन से तथा संबंधित विश्वविद्यालयों से परामर्श

करने के बाद एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, यथा :—

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ

(1) इन विनियमों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (प्राइवेट गैर-सहायता प्राप्त व्यावसायिक संस्थाओं में प्रवेश तथा शुल्क का का विनियमन) विनियमावली, 1977 कहा जाएगा ।

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे ।

2. प्रयोज्यता

ये विनियम निम्नलिखित पर लागू होंगे :—

(क) विश्वविद्यालयों से संबद्ध तथा "कोई सहायता अनुदान नहीं" आधार पर चल रहे कालेज;

(ख) विश्वविद्यालय अनुदान अधिनियम की धारा 3 के अधीन समविश्वविद्यालय संस्थाएं, यदि ऐसी सस्थाएं केन्द्रीय सरकार के अनुरक्षण अनुदान प्राप्त किए बिना स्व-वित्तीयन आधार पर चल रही हों, उनके नियंत्रणाधीन तथा अनुदान संवितरित करने वाला राज्य सरकार का या सांविधिक निकाय;

(ग) वे विश्वविद्यालय जो केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार से सहायता अनुदान प्राप्त नहीं कर रहे हैं या ऐसे विश्वविद्यालय के अनुरक्षण या विकास व्यय के लिए उक्त सरकारों के अनुदान वितरण करने वाले सांविधिक निकाय; और

(घ) किसी प्राइवेट न्यास या सोसायटी या राज्य सरकार के बीच संयुक्त उद्यम के रूप में स्थापित किए गए विश्वविद्यालय ।

3. परिभाषाएं

जब तक प्रसंग के अनुसार अन्यथा अपेक्षित न हो, इन विनियमों में—

(क) "अधिनियम" का अर्थ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का 3) से है ।

(ख) "समुचित प्राधिकारी" का अर्थ केन्द्रीय सरकार, राज्य, आयोग, किसी विश्वविद्यालय या अन्य उस प्राधिकारी से है जो तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन किसी व्यावसायिक शिक्षा संस्था को स्थापित करने या उसे मान्यता प्रदान करने की अनुमति देने के लिए सक्षम हो;

(ग) "आयोग" का अर्थ धारा 4 के अधीन स्थापित किए गए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से है;

(घ) "समिति" का अर्थ यथास्थिति आयोग की स्थायी समिति या राज्य स्तरीय समिति से है;

(ङ) "सक्षम प्राधिकारी" का अर्थ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार या विश्वविद्यालय या किसी अन्य ऐसे प्राधिकारी से है जिसे आयोग ने छात्रों द्वारा देय शुल्क या शुल्क-मानों को निर्धारित करने या विभिन्न व्यावसायिक संस्थाओं में दाखिले के लिए छात्रों का आबंटन करने के लिए अभिहित किया हो;

(च) "शुल्क"—"संदाद सीटों" या निशुल्क सीटों के संदर्भ में शुल्क का अर्थ सभी संस्थागत शुल्कों से है जिसमें शिक्षा शुल्क भी शामिल है;

(छ) "निःशुल्क सीट" का अर्थ उन सीटों से है जिनके लिए किसी अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने या उसे पूरा करने के इच्छुक छात्र द्वारा उतनी फीस के बराबर फीस देय हो जो उसी प्रकार के अध्ययन पाठ्यक्रमों के लिए संबंधित राज्यों या संघ राज्य क्षेत्र में राजकीय कालेजों या संस्थाओं के लिए विनिर्दिष्ट की गई हो ।

(ज) "संस्था" का अर्थ किसी विश्वविद्यालय से संबद्ध या सरकार या सक्षम सांविधिक निकाय द्वारा अनुमोदित या मान्यताप्राप्त कालेज से है । इसमें अखिल भारतीय तकनीकी परिषद्, भारतीय दंत परिषद् भारतीय चिकित्सा परिषद् तथा राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद् भी शामिल हैं जिनकी स्थापना या निगमन किसी केन्द्रीय अधिनियम या राज्य अधिनियम द्वारा या उसके अधीन किया गया है । इसके अतिरिक्त इसमें धारा 3 के तहत आयोग की सिफारिश पर केन्द्रीय सरकार द्वारा सम-विश्वविद्यालय घोषित की गई संस्था तथा वे सभी संस्थाएं शामिल हैं जिन्हें धारा 2 के खंड (च) के अधीन मान्यता प्रदान की गई हो और जो शिक्षा प्रदान कर रही हों ।

(झ) "अनिवासी भारतीय" का अर्थ अनिवासी भारतीय से है और "अनिवासी" का अर्थ वही है जो आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) में दिया गया है ;

(ञ) "व्यावसायिक संस्था" में गैर-सहायता प्राप्त वह संस्था शामिल है जो सामाजिक कार्य, गृह विज्ञान, पुस्तकालय विज्ञान, शिक्षा, कम्प्यूटर विज्ञान, वाणिज्य, विधि आदि । इसके अतिरिक्त इसमें वे संस्थाएं भी शामिल हैं जिन पर आयोग द्वारा ये विनियम लागू किए जाते हैं ।

(ट) "संदाय सीट" का अर्थ निःशुल्क सीटों को छोड़कर अन्य सीटों से है जिनके लिए किसी अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने या उसके पूरा करने के इच्छुक किसी छात्र द्वारा देय फीस की राशि इन विनियमों में विनिर्दिष्ट सीमा से अधिक नहीं होगी;

(ठ) "धारा" का अर्थ अधिनियम की धारा से है; और

(ड) "छात्र" में वह व्यक्ति शामिल है जो किसी अध्ययन पाठ्यक्रम में दाखिला लेना चाहता है।

4. प्रवेश

(1) ऐसे छात्र जो छोड़कर जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (कला, मानविकी, ललित कला, संगीत सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य तथा विज्ञान संकायों में औपचारिक शिक्षा के माध्यम से प्रथम डिग्री प्रदान करने के लिए न्यूनतम शिक्षा मानक) विनियमावली 1985 की अपेक्षाएं पूरी करता है, प्रथम डिग्री पाठ्यक्रम या स्नातकोत्तर स्तर के व्यावसायिक अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने का पात्र नहीं होगा।

(2) समुचित प्राधिकारी की पूर्व-अनुमति के बिना कोई भी संस्था कोई भी नया या व्यावसायिक अध्ययन पाठ्यक्रम शुरू नहीं करेगी।

(3) सक्षम प्राधिकारी संस्थाओं में किसी शैक्षिक वर्ष के दौरान उपलब्ध सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन-पत्र आमन्त्रित करेगा।

(4) सक्षम प्राधिकारी कम से कम तीन प्रमुख समाचार-पत्रों में, जिनमें से एक स्थानीय जनभाषा में होगा, संस्था-वार दाखिले के लिए उपलब्ध सीटों की संख्या, पाठ्यक्रम के लिए ली जाने वाली फीस (निःशुल्क सीटों तथा संदाय सीटों के लिए अलग-अलग) तथा प्रवेश प्रक्रिया तथा अनुसूची का विज्ञापन देगा।

(5) किसी अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन-पत्र आमन्त्रित करते समय सक्षम प्राधिकारी निःशुल्क सीटों के आबंटन के लिए अंतिम तारीख निर्धारित करेगा।

(6) सक्षम प्राधिकारी एक विवरणिका (ब्रोशर) जारी करेगा जिसमें निम्नलिखित विवरण होगा : दाखिले के लिए आवेदन-फार्म, पाठ्यक्रमों का पूर्ण विवरण, उपलब्ध सीटों की संख्या, व्यावसायिक संस्थाओं के नाम और उनकी अवस्थिति, ऐसी संस्था द्वारा ली जाने वाली फीस, प्रवेश के लिए न्यूनतम पात्रता शर्तें तथा ऐसी अन्य विवरण जिन्हें सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझता हो।

(7) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए प्रवेश के लिए आवेदन-फार्म में एक कालम होगा जिसमें आवेदक अधिमान्यतः क्रम में यह उल्लेख करेगा कि क्या वह निःशुल्क सीट या संदाय सीट अथवा दोनों सीटों पर दाखिला लेना चाहता है। उसके अतिरिक्त वह संस्थाओं के बारे में भी अपनी पसंद का उल्लेख करेगा बशर्ते कि एक जैसा पाठ्यक्रम प्रदान करने वाली संस्थाओं की संख्या एक से अधिक हो।

(8) यदि सामान्य प्रवेश परीक्षा के परिणामों के आधार पर किसी अध्ययन पाठ्यक्रम में दाखिला दिया गया है तो सक्षम प्राधिकारी सफल उम्मीदवारों में से उनकी योग्यता स्थान के आधार पर उम्मीदवारों की योग्यता सूची तैयार करेगा।

(9) जहां किसी सामान्य प्रवेश परीक्षा के आधार पर किसी अध्ययन पाठ्यक्रम में दाखिला नहीं दिया जाता है वहां किसी अन्य ऐसे मानदंड के आधार पर किसी अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा जिसका निर्धारण सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया हो;

लेकिन वह ऐसे मानदंड को लागू नहीं करेगा जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधिसूचित नहीं किया गया हो।

(10) यदि कोई प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है तो उसका परिणाम कम से कम तीन प्रमुख समाचार-पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा जिनमें से एक समाचार-पत्र स्थानीय जन भाषा में होगा। परीक्षाफल को संबंधित संस्था (संस्थाओं) के सूचना-पट्टों पर भी प्रदर्शित किया जाएगा।

(11) (i) प्रत्येक व्यावसायिक संस्था में कम से कम 50 प्रतिशत सीटें निःशुल्क सीटें होंगी और शेष 50 प्रतिशत संदाय सीटें।

(ii) निःशुल्क सीटों तथा संदाय सीटों—दोनों की पात्रता मानदंड तथा अन्य शर्तें समान होंगी। लेकिन संदाय सीटों के लिए अधिक फीस अदा की जाएगी।

(iii) व्यावसायिक संस्था के प्रबंधकों को निःशुल्क सीटों या संदाय सीटों पर प्रवेश के लिए अतिरिक्त पात्रता मानदंड या शर्तें लागू करने का हक होगा।

(12) विनिर्दिष्ट समय के भीतर निःशुल्क सीटों के भर जाने के बाद सक्षम प्राधिकारी उन उम्मीदवारों को अतिरिक्त समय देते हुए अगली तारीख निर्धारित करेगा जो संदाय सीटों पर प्रवेश लेना चाहते हैं।

(13) (i) उक्षम प्राधिकारी उम्मीदवारों द्वारा प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों सहित उनकी प्रतीक्षा सूची भी तैयार करेगा और उसे प्रकाशित करेगा।

(ii) अंतिम सीट का आबंटन किए जाने के बाद आकस्मिक रिक्तियों या ड्रापआउट

रिक्तियों को प्रतीक्षा-सूची से भरा जाएगा। ये रिक्तियां उस तारीख तक भरी जाएंगी जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधि सूचित की जाए।

(iii) सक्षम प्राधिकारी कट-आफ तारीख निश्चित करेगा जिसके बाद किसी भी व्यक्ति को दाखिला नहीं दिया जाएगा। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र से सेमेस्टर या सत्र का अधिकांश पाठ्य-विवरण छूट न जाए।

5. देय फीस के निर्धारण के लिए समितियों का गठन :—

(1) निम्नलिखित के लिए फीस :—

(क) केन्द्रीय विश्वविद्यालयों से संबद्ध व्यावसायिक संस्थाएं;

(ख) ये व्यावसायिक संस्थाएं जो समविश्वविद्यालय हैं;

(ग) ये विश्वविद्यालय जो केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार से सहायता अनुदान प्राप्त नहीं कर रहे हैं या ऐसे विश्वविद्यालयों के अनुरक्षण या विकास व्यय के लिए उक्त सरकारों के अनुदान संवितरक सांविधिक निकाय; और

(घ) वे विश्वविद्यालय जिनकी स्थापना प्राइवेट न्यास या सोसाइटी या किसी राज्य सरकार के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में की गई है।

(2) उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट स्थायी समिति में निम्नलिखित शामिल होंगे :—

(क) आयोग का कोई सदस्य—अध्यक्ष

(ख) (1) आयोग द्वारा नामित एक कुलपति—सदस्य;

(2) तीन विशेषज्ञों का नामन—अर्थशास्त्र, लागत लेखा फर्म तथा संस्थागत वित्त—प्रत्येक में एक एक—आयोग द्वारा किया जाएगा—सदस्य;

(3) विषय का एक विशेषज्ञ—सदस्य।

(4) यदि कोई समविश्वविद्यालय अध्ययन पाठयक्रमों यथा—तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा तथा शिक्षक शिक्षा का संचालन करता है, जिसके लिए एक सांविधिक परिषद है उदा० अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, भारतीय चिकित्सा परिषद तथा राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद तो ऐसी परिषद का एक नामिती—सदस्य;

(5) सम्बन्धित राज्य सरकार उच्च, तकनीकी या चिकित्सा शिक्षा (संस्था के विशेषता क्षेत्र निर्भर करते हुए) का प्रभारी सचिव या उसका नामिती जिसका पद भारत सरकार के उप-सचिव से कम न हो। उसे सम्बन्धित राज्य में समविश्वविद्यालयों के लिए केवल फीस संरचना को निर्धारित करने के प्रयोजन से सदस्य के रूप में सहयोजित किया जा सकता है;

(6) आयोग का कोई अधिकारी जिसका पद अपर सचिव से कम न हो—सदस्य सचिव

(3) (1) राज्य सरकार के विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध व्यावसायिक संस्थाओं में फीस का निर्धारण राज्य स्तरीय समिति एक समिति द्वारा किया जाएगा।

(2) राज्यस्तरीय समिति जिसका गठन आयोग द्वारा प्रत्येक राज्य में किया जा सकता है। इसमें निम्नलिखित व्यक्ति शामिल होंगे :—

(क) सम्बन्धित राज्य सरकार द्वारा नामित किया गया राज्य के किसी एक विश्वविद्यालय का कुलपति —अध्यक्ष;

(ख) सम्बन्धित राज्य सरकार की उच्च शिक्षा का प्रभारी सचिव—सदस्य;

(ग) सम्बन्धित राज्य सरकार के वित्त विभाग का सचिव —सदस्य;

(घ) तीन विशेषज्ञ—संस्थागत वित्त, लागत लेखाक्रम तथा अर्थशास्त्र—प्रत्येक में एक आयोग द्वारा नामित किए जाएंगे—सदस्य;

(ङ) विश्वविद्यालयों में से किसी एक विश्वविद्यालय का वित्त अधिकारी जिसको राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाएगा—सदस्य;

(च) संबंधित राज्य सरकार का उच्च या कालेज शिक्षा का प्रभारी निदेशक—सदस्य सचिव

6. समितियों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया

(1) आयोग की स्थायी समिति को सचिवालयीन सहायता आयोग का सचिवालय देगा।

(2) राज्य स्तरीय समिति को सचिवालयीन सहायता संबंधित राज्य सरकार का उच्च शिक्षा निदेशालय देगा।

(3) उप पैरा (1), के अधीन गठित की गई स्थायी समिति तथा नियम 5 के उप नियम (2) के अधीन गठित राज्य स्तरीय समिति के पदेन सदस्यों को छोड़कर अन्य सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

(4) स्थायी समिति तथा राज्य स्तरीय समिति तीन शैक्षिक वर्षों के अंतराल से फीस संरचना की समीक्षा करेगी।

(5) (i) इन विनियमों के उपबन्धों के अध्यधीन समितियां अपनी स्वयं की प्रक्रिया तैयार करने के लिए स्वतन्त्र हैं। लेकिन प्रक्रिया के अनुसार संबंधित संस्थाओं को ऐसी सामग्री प्रस्तुत करने के लिए अवसर प्रदान करना अनिवार्य होगा जिसे वे संगत समझती हों।

(ii) समितियों को ऐसी सूचना और ब्यौरा मंगाने का अधिकार भी होगा जिसे वे फीस निर्धारण के लिए संगत समझती हों।

(iii) अपने कार्यों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए ये समितियां संबंधित सस्थाओं द्वारा अनुपालनार्थ तथा समितियों के कार्य को पूरा करने के लिए समय बद्ध "कार्य कलेंडर" तथा "अंतिम सीमा" निर्धारित करेंगी।

(6) समितियां भिन्न-भिन्न श्रेणी की संस्थाओं के लिए भिन्न-भिन्न दरों या स्केल निर्धारित कर सकती हैं, यदि वर्गीकरण बोधगम्य और वस्तु निष्ठ मानदंड के अनुसार न्यायसंगत हो। विशेषत: समितियां ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में स्थित संस्थाओं के लिए भिन्न-भिन्न फीस दरें निर्धारित करने के लिए स्वतन्त्र होंगी।

(7) आयोग किसी भी समय समितियों से सूचना एवं वर्गीकरण मंगा सकता है और समितियां ऐसी सूचना तथा वर्गीकरण को प्रस्तुत करने के लिए बाध्य होंगी।

(8) प्रभार्य फीस का निर्धारण करते समय, यह सुनिश्चित करना समितियों का कर्तव्य होगा कि फीस संबंधित संस्थाओं के लाभ या वाणिज्य का स्त्रोत नहीं बनती हैं।

6. फीस निर्धारित करने की प्रक्रिया :

(1) इन विनियमों के अधीन एक बार निर्धारित की गई फीस या फीस के स्केल तीन वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य होंगे।

(ii) संशोधित फीस केवल नए प्रवेशार्थियों पर लागू होगी।

(2) (i) व्यावसायिक संस्था प्रवेश के लिए विज्ञापन से कम से कम छह महीने पहले आयोग को प्रमाणित डाटा प्रस्तुत करेगा जिसके आधार पर शिक्षा-शुल्क तथा अन्य फीसें निर्धारित की जायेंगी।

(ii) संबंधित समिति संबद्ध व्यावसायिक संस्थाओं से कोई भी डाटा या स्पष्टीकरण मांग सकती है और वह सस्था को उसके द्वारा मूलत: प्रस्तुत किए गए डाटा की अनुपूर्ति करने का उसका आशोधन करने की अनुमति भी दे सकती है।

(iii) नि:शुल्क सीटों, संदाय सीटों तथा अनिवासी भारतीय /विदेशी छात्रों के लिए फीस संरचना का निर्धारण करते समय संबंधित समिति उन पैरामीटरों को ध्यान में रखेगी जो लागत को प्रभावित करते हैं, व्यावसायिक पाठ्यक्रम के संचालन के लिए संस्था का कुल व्यय जिसका परिकलन पिछले दो वर्षों के लेखा-परीक्षित विवरणों के आधार पर किया गया हो तथा अगले तीन वर्षों के लिए समुचित अनुमान।

(iv) जो फीस ली जाएगी उसके सामान्यत: दो वर्ष होंगे यथा—शिक्षा-शुल्क तथा विकास शुल्क।

(v) संस्था के प्रबंधक छात्रों से आवास तथा भोजन का वास्तविक खर्च वसूल कर सकते हैं बशर्ते कि संगत समिति ऐसे खर्च के औचित्य से संतुष्ट हो।

(vi) शिक्षा-शुल्क शिक्षा प्रदान करने के वास्तविक खर्च को पूरा करने के लिए होगा।

(vii) उचित शिक्षा-शुल्क का निर्धारण करते समय समिति निम्नलिखित का ध्यान रखेगी यथा—

(क) शिक्षण तथा शिक्षणोत्तर कर्मचारियों को बोनस, यदि ग्राह्य हो, समेत वेतन और भत्ते;

(ख) प्रशासनिक सेवाओं का व्यय;

(ग) उपभोज्य वस्तुओं समेत प्रयोगशालाओं के अनुरक्षण की लागत;

(घ) सांविधिक अपेक्षाओं यथा लेखापरीक्षा-शुल्क आदि सहित आकस्मिक व्यय;

(ङ) पुस्तकालयों के लिए पुस्तकें तथा पत्रिकाएं संप्राप्ति का खर्च ;

(च) किराया तथा प्रशुल्क (टैरिफ) सहित भवनों तथा अन्य परिसम्पत्तियों का अनुरक्षण; और

(छ) सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर निर्धारित किए जाने वाले अन्य आवर्ती व्यय।

(viii) इस उप-विनियम में उल्लिखित पैरामीटरों का ध्यान रखते हुए नि:शुल्क सीट, संदाय सीट धारकों तथा अनिवासी भारतीय/विदेशी छात्रों के लिए उपयुत दरें निर्धारित की जा सकती हैं।

3. (i) आयोग अन्य मदों के लिए स्टाफ तथा व्यय-मानों से संबंधित मानक विनिर्दिष्ट करेगा भले ही इन विनियमों के प्रारम्भ होने की तारीख से ऐसे मानक निर्धारित नहीं किए गए हों।

(ii) यदि आयोग विशिष्ट मात्रात्मक मानक निर्धारित करने में कठिनाई महसूस करता है तो संगत सिमित संबद्ध व्यय की पर्याप्तता तथा औचित्य के बारे में अपने आपको संतुष्ट करेगी।

(iii) मानक विनिर्दिष्ट करते समय आयोग यह सुनिश्चित करेगा प्रदत्त व्यय व्यावसायिक संस्थाओं के प्रबंधक वर्ग के लाभ का जरिया नहीं बनता है।

7. टिप्पणी

जैसाकि भारत के उच्चतम न्यायलय ने "यूनीकृष्णन जे० पी० बनाम आंध्र प्रदेश राज्य (ए० आई० आर० 1993 उ० न्या० 2178) के मामले में निर्णय दिया है कि इस योजना के अनुसार शिक्षा का वाणिज्यीकरण करना तथा मुनाफा कमाना निषिद्ध है। संबंधित संस्थाओं के लिए यह अनुमति नहीं होगी कि वे निवेशों पर किसी प्रतिफल का दावा करें। बहरहाल इससे परिसम्पतियों के प्रतिस्थापन तथा उन्नयन के लिए संसाधन जुटाने में संस्थाओं के लिए कोई बाधा उपस्थित नहीं होगी। इसके अतिरिक्त, यद्यपि भारत के उच्चतम न्यायालय ने "यूनिकृष्णन" जे०पी० बनाम आंध्र प्रदेश राज्य (ए० आई०आर०उ० न्या० 2178) के मामले में यह निर्णय दिया था कि निवेशों पर प्रतिफल नहीं कमाया जा सकता, फिर भी उसने निवेश वसूली कर प्रश्न केन्द्रीय सरकार और सांविधिक निकायों पर छोड़ दिया था। अतः यह वांछनीय समझा जाता है कि विकास शुल्क से प्रबंधन के लिए आंशिक पूंजीगत लागत वसूली (निवेश पर प्रतिफल नहीं) उपलब्ध कराई जा सकती है और उसे अनुरक्षण तथा प्रतिस्थापन के लिए एक संसाधन माना जा सकता है।

4. (i) आयोग तीन वर्ष के अंतराल पर विकास शुल्क का निर्धारण कर सकता है और निःशुल्क सीट, संदाय सीट वाले छात्रों तथा विदेशी/अनिवासी भारतीय सीटों के लिए विकास शुल्क की विभिन्न दरें विनिर्दिष्ट की जा सकती हैं।

(ii) विकास शुल्क एक समान दरों पर हो सकता है।

(iii) बोधगम्य तथा वस्तुनिष्ठ मानक पर आधारित आयोग विकास-शुल्क के भिन्न-भिन्न स्लेब या दरें निर्धारित करने के प्रयोजन से संस्थाओं को भिन्न-भिन्न वर्गों में वर्गीकृत कर सकता है।

(vi) विकास-शुल्क की दरें निर्धारित करते समय आयोग प्राइवेट व्यावसायिक संस्थाओं, राज्य सरकारों तथा आम जनता के रुचिबद्ध सदस्यों के विचारों को ध्यान में रखेगा।

(5) व्यावसायिक संस्था के प्रबधक संस्था के प्रथम दस वर्षों के दौरान पूंजीगत लागत की वसूली के लिए, वसूल किएगए विकास शुल्क की आय के 50 प्रतिशत से अधिक या वास्तविक पूंजीगत लागत (इनमें जो भी कम हो) से अधिक राशि विनियोजित नहीं कर सकते है। शेष राशि का उपयोग उक्त प्रथम दस वर्षों के दौरान उन्नयन तथा प्रतिस्थापन के लिए किया जाएगा। उसके बाद, सम्पूर्ण आय का उपयोग उन्नयन तथा प्रतिस्थापन प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है।

(6) आयोग व्यावसायिक संस्थाओं द्वारा लिए जाने वाले विकास-शुल्क की अनुमोदित दरों की सूचना समितियों को काफी समय पहले देगा ताकि वे अपनी अधिसूचना में ऐसी दरों को उपयुक्त रूप से शामिल कर सकें।

7. छात्रों का दाखिला

(क) अल्पसख्यक प्रबधन के अधीन संस्थाओं में दाखिले का विनियमन इस प्रकार किया जाएगा :—

(क) अल्पसंख्यकों द्वारा स्थापित तथा प्रशासित व्यावसायिक सस्थाओं में 50 प्रतिशत सीटें सक्षम प्राधिकारी द्वारा तैयार की गई योग्यता-सूची के आधार पर भरी जाएंगी। इन 50 प्रतिशत सीटों में से आधी सीटें निःशुल्क सीटें तथा अन्य आधी सीटें संदाय सीटें होंगी।

(ख) शेष 50 प्रतिशत सीटें संस्था के प्रबंधकों द्वारा संबंधित अल्पसंख्यकों समुदाय के उम्मीदवारों में से भरी जाएगी। इनमें आधी सीटें निशुल्कद्ध सीटें और शेष आधी संदाय सीटें होंगी।

व्याख्या—इस खंड के प्रयोजन के लिए संदाय सीटों में विदेशी/अनिवासी भारतीय छात्रों वाली सीटें शामिल लोंगी।

(ग) दाखिला पूरा करने के बाद प्रत्येक अल्प संख्यक व्यावसायिक संस्था सक्षम प्राधिकारी-संबधित विश्वविद्यालय तथा राज्य सरकार को एक विवरण प्रस्तुत करेगी जिसमें प्रबंधकों द्वारा संबधित अल्पसंख्यक समुदायों के उम्मीदवारों से भरी गई 50 प्रतिशत सीटों पर दाखिला किए गए छात्रों का पूरा ब्यौरा होगा।

(2) प्राइवेट व्यावसायिक संस्थाओं को यह अनुमति होगी कि वह सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रत्येक शैक्षिक वर्ष के लिए समय-समय पर निर्धारित की गई कुल संस्वीकृत प्रवेश क्षमता के अधिक से अधिक 5 प्रतिशत तक अनिवासी भारतीय/विदेशी छात्रों का दाखिला कर सकती है। यह प्रतिशतता संदाय में सीटों में से होगी। अनिवासी भारतीय/विदेशी छात्रों को योग्यता के आधार पर दाखिला दिया जाएगा। परन्तु उनकी भिन्न-भिन्न प्रकार की पृष्ठ भूमियों की दृष्टि से संबधित व्यावसायिक संस्था का सक्षम प्राधिकारी सभी संगत बातों को ध्यान में रखते हुए इन उम्मीदवारों की योग्यता के संबंध में निर्णय ले सकता है।

(3) (i) उन प्रबन्धकों या परिवार जाति या समुदाय के लिए, जिसने व्यावसायिक संस्था की स्थापना की है, सीटों का कोई कोटा नहीं होगा।

(ii) सक्षम प्राधिकारी अपने विवेक पर ऐसी किसी भी सीट को भर सकता है जो किसी शैक्षिक वर्ष के दौरान पांच प्रतिशत अनिवासी भारतीय कोटा में भरी नहीं गई हो।

(iii) इस उप-विनियमन के अधीन दाखिल किए गए छात्रों से उतनी ही फीस ली जाएगी जितनी कि संदाय सीटों पर न कि अनिवासी भारतीय सीटों पर दाखिल किए छात्रों से ली जाएगी।

(4) प्राइवेट व्यावसायिक संस्थाओं को यह स्वतंत्रता होगी कि वे संविधानिक रूप से अनुज्ञेय उम्मीदवारों यथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ी जातियों तथा अन्य उम्मीदवारों के लिए संबंधक विश्वविद्यालय को सूचित करते हुए सीटों का आरक्षण कर सकती हैं। यदि ऐसा आरक्षण किया जाता है तो उसकी अधिसूचना सक्षम प्राधिकारी तथा समुचित प्राधिकारी को ऐसी अधिसूचना को जारी किए जाने से कम से कम एक महीने पहले दी जाएगी जिसके अनुसार इस वर्ग की व्यावसायिक संस्थाओं में प्रवेश के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित किए गए हो। आरक्षित वर्गों के संबंध में योग्यता नियम का पालन किया जाएगा।

8. निर्वचन

(1) यदि इन नियमों की व्याख्या के संबंध में कोई प्रश्न उठता है तो वह आयोग द्वारा तय किया जाएगा।

(2) आयोग को ऐसे किसी भी संदेह को दूर करने के लिए स्पष्टीकरण जारी करने का अधिकार होगा जो इन विनियमों के कार्यान्वियन के संबंध में उत्पन्न हो सकता है।

9. फीस का लेखा रखना

(1) प्रत्येक संस्था में दो अलग-अलग लेखे यथा—अनुरक्षण लेखा और विकास लेखा होंगे।

(2) (i) शिक्षा शुल्क और आवास तथा भोजन प्रभारों की लागत वसूली तथा अन्य विविध आय को अनुरक्षण लेखे में जमा खाते किया जाएगा।

(ii) अनुरक्षण लेखे को दो भागों यथा (क) वेतन तथा भत्ते, और (ख) अन्य व्यय में रखा जाएगा।

(iii) समस्त आवर्ती व्यय अनुरक्षण लेखे से पूरा किया जाएगा और वेतन तथा भत्तों से संबंधित भाग या यथास्थिति अन्य व्यय के अंतर्गत दिखाया जाएगा।

(3) संस्था की स्थापना के प्रथम दस वर्षों में विकास शुल्क से हुई कम से कम आधी आय को विकास लेखे में क्रेडित किया जाएगा। उसके बाद इस लेखे (विकास लेखा) में इस फीस से हुई सम्पूर्ण आय को क्रेडित किया जाएगा। संस्था की विविध प्राप्तियों को भी इसी खाते में क्रेडित (जमा) किया जाएगा। इस फीस से हुई आय का उपयोग उपस्कर, पुस्तकें तथा जर्नलों को मुहैया करने तथा परिसम्पत्तियों के अर्जन के लिए किया जाएगा। प्रबंधक इस लेखे में संकाय सुधार पर किए गए व्यय को नामे डाल सकते हैं।

(4) व्यावसायिक संस्थाओं के लेखाओं की परीक्षा प्रत्येक वर्ष यह सुनिश्चित करने के लिए की जाएगी कि वित्तीय प्रबंध इन विनियमों के सामान्य ढांचे और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए मार्ग-निर्देशों के अनुरूप है।

10. फीस वसूली से संबंधित अन्य प्रक्रियात्मक मामले

(1) (i) एक बार निर्धारित की गई फीस तीन वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य होगी।

(ii) सेमेस्टर के लिए फीस की अग्रिम अदायगी की जाएगी।

(iii) प्रत्येक समिति प्रत्येक वर्ष दिसम्बर के महीने में सामान्य सूचना के लिए संबंधित राज्य में परिचालित तीन समाचार-पत्रों में अगले वर्ष के लिए प्रति सेमेस्टर देय कुल फीस की अधिसूचना देगी। प्रत्येक वर्ष समिति तीसरे वर्ष के लिए प्रयोज्य फीस का निर्धारण करेगी।

(2) प्रत्येक वर्ष फीस निर्धारित करते समय समितियां संबंधित व्यावसायिक संस्थानों के अनुरक्षण तथा विकास लेखाओं में अव्ययित राशि, यदि हो, को दर्ज करेगी।

(3) कोई भी व्यावसायिक संस्था—

(i) इन विनियमों में अधिसूचित फीस से अधिक फीस नहीं लेगी।

(ii) इन विनियमों तथा आयोग समय-समय पर जारी किए गए मार्ग-निर्देशों के उपबंधों के अनुसार रखे जाने वाले अपेक्षित लेखे अवश्य रखेगी।

जी० डी० शर्मा
सचिव
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

RESERVE BANK OF INDIA

CENTRAL OFFICE

DEPARTMENT OF GOVERNMENT AND BANK ACCOUNTS,

Mumbai, the 16th May, 1998

In pursuance of Rule 18 of the Rule made by the Government of India under Section 28 of the Public Debt Act, 1944 and published in the Gazette of the 20th April, 1946 (as amended under the Notification No. F(8)/70 B/52 dated the 29th April, 1954 and the Notification in extra ordinary Gazette No. 67 dated 21st February 1990) the following list for the month ended March 1988 is hereby advertised of securities lost etc. In respect of which prima facie ground exists for believing that the securities have been lost and that the claim of applicant is just. All persons other than the respective claimants named below who have any claim upon these securities should communicate immediately with the Chief General Manager, Reserve Bank of India, Central Office, Department of Government and Bank Accounts, Central Debt Division, Mumbai.

The list has been divided into two parts : List "A" being securities now advertised for the first time and list "B" the list of securities previously advertised.

LIST 'A'

No. of Security	Value in Rs./Grams.	In whose name issued	From what date bearing interest	Name(s) of the claimant(s) for issue of duplicate and/or payment of discharge value	No. and date of order issued.
1	2	3	4	5	6
			Kanpur Circle		
			7.5% IFC Bonds, 1997 (2nd Series)		
KN-000009	1,00,000/-	R. K. Tandon	Interest due from 24th Half year	LML Ltd. Officers Provident Fund Trust	General Manager's Order No. IR.1371/65 dated 24-3-1998 (File No. 09-12-255)
			7.25% IFC Bonds, 1996		
KN-000088	50,000/-	LML Ltd. Officers Provident Fund Trust	Interest due from 30th half year	Do.	Do.
			7.25% IFC Bonds, 1996 (2nd Series)		
KN-000045	1,00,000/-	LML Ltd. Officers Provident Fund Trust	Interest due from 29th half year	Do.	Do.
			Gold Bonds 1998 (Mumbai Circle)		
BY/SLA-000052	1916 gms.	Asha Malhotra and Chetan Dev	On maturity	Asha Malhotra and Chetan Dev	Case No. 20.04.2038 General Manager's orders dated 4-4-1998 C.O. Diary No. 667 dated 6-4-1998

N.A.AHALEY
P.Chief General Manager

LIST 'B'

No. of Security	Value	In whose name issued	From what date bearing interest	Name(s) of the claimant(s) for issue of duplicate and/or payment of discharge value	No. & Date of orders issued
1	2	3	4	5	6
			NDGB 1980 'A' Series (Chennai Circle)		
MS-037513	7 Grams.	S. Ponniah	24-12-65	P. Robert	G. M. Diary No. 79 dated 26-2-1998
			Calcutta Circle 6.25% Loan 1997		
CA-001509	Rs. 10,000/-	Reserve Bank of India	Interest paid upto 2nd half year	Indian Bank	File No. I-2343 General Manager's Order dated 13-1-98 Vide Dy. No. LCO-92 dated 13-1-98

N. A. AHALFY
P. Chief General Manager.

THE INSTITUTE OF CHARTERED ACCOUNTANTS OF INDIA

P. B. No. 7100, Indraprastha Marg.

New Delhi-110002, the 5th May, 1998

No. 13-CA(EXAM)/M/98:—In partial modification of the Institute's Notification No. 13-CA (EXAM)/M/98 Dated the 23rd January, 1998, it is notified for general information that Paper-4- Corporate Laws and Secretarial Practice - Group-I of the Chartered Accountants Final Examination scheduled to be held on 6th May, 1998 stands postponed.

